मस्तिष्क शोथ के लिए आयुर्वेदिक का इलाज

2868. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली में मस्तिष्क शोध के प्रभावी इलाज की व्यवस्था है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वैद्यों द्वारा अनेक रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया है, और

(ग) यदि हां, तो क्या इस रोग के इलाज के लिए भविष्य में आयुर्वेदिक डाक्टरों का अधिक योगदान प्राप्त किए जाने का विचार है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) इस प्रकार के रोग का इलाज करने के लिए आयुर्वेद में कई औषधियां उपलब्ध हैं ।

(ख) केन्द्रीय आयुर्वेद और सिद्ध की अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने यह भी सूचित किया है कि इनमें से कुछ औषधियां लाभकारी पाई गई :

(ग) सरकार की नीति यह है कि स्वास्थ्य परिचर्या के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारतीय चिकित्सा पद्धति और होम्यो-पैथी के चिकित्सकों का अधिक से अधिक सहयोग प्राप्त किया जाए ।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष

2869. **श्री प्रमोद महाजन :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान नवम्बर, 1986 की "माया" पत्रिका में "आदित्य बिड़ला : रेलवे बोर्ड के 'नये अध्यक्ष" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित लेख की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में वास्तविक स्थिति क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी हां । "आदित्य बिड़ला - रेलवे बोर्ड के नये अध्यक्ष" शीर्षक का एक लेख 1.10.1986 की माया पत्रिका में छपा था ।

(ख) किसी उद्योगपति को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Airfield in the country

2870. SHRI VALAMPURI JOHN: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a letter to the Editor titled 'Pilot's case' which appeared in the 'Indian Express' (Madras Edition) on the 20th October, 1986;

(b) whether many airfields in and outside India do not conform to the minimum mandatory requirements and standards as laid down by the International Civil Aviation Organisation;

(c) what are those airfields and what steps Government have taken to remove apprehensions from the public mind arising out of these allegations from pilots; and

(d) whether it is also a fact that airfields like Port Blair and Mangalore and many other airfields in the country are unsuitable for flying purposes?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Yes, Sir.

(b) The International Civil Aviation Organisation prescribes standards and recommends practices in respect of airports meant for international operations only. The standards and practices recommended by the ICAO are not mandatory in respect of domestic airports. However, the